212. निम्न जोड़ों में कौन से जोड़ों का मिलाप सही है-

(i) भारत में खाद्यान्न उत्पादन (2012-13):25 करोड़ टन

(ii) भारत में मृत्यु दर (2011): 7.1 प्रति हजार

(iii) राजस्थान में लिंगानुपात (2011) प्रति हजार : 926

(a) (i) (b) (ii)
(c) (iii) (d) उपरोक्त सभी

Complier Exam Date-21.08.2016

Ans. (*) – भारत में खाद्यान्न उत्पादन (2012-13) में 25.53 करोड़ टन थी जबकि वर्तमान में 31.60 करोड़ टन है। भारत में मृत्यु दर (2011): 7.2 प्रति हजार थी। राजस्थान में लिंगानुपात (2011) में 928 थी। कुल जनसंख्या राजस्थान की 6.86 करोड़ है। अतः कोई विकल्प सही नहीं है।

213. भारत में संसद में सम्मिलित हैं-

1. राष्ट्रपति
2. राज्य सभा एवं लोकसभा
3. प्रधानमंत्री
4. उपराष्ट्रपति

नीचे दिए गए कूट के आधार पर सही उत्तर चुनिए-

(a) 1 व 2 केवल
(b) 1,2 एवं 4 केवल
(c) 2, 3 एवं 4 केवल
(d) 1 एवं 4 केवल

Patwar-Exam-2016 (Main) -24.12.2016

Ans. (a) संसद भारत का सर्वोच्च विधायी निकाय है। भारतीय संसद में राष्ट्रपति, लोकसभा एवं राज्य सभा सम्मिलित हैं। राष्ट्रपति के पास संसद के किसी भी सदन को बुलाने और सत्रावसान करने या लोकसभा को भंग करने की शक्ति है। भारत का संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। नये संविधान के तहत पहला आम चुनाव वर्ष 1951–52 के दौरान हुआ और पहली निर्वाचित संसद अप्रैल 1952 में अस्तित्व में आई।

214. राजस्थान में सर्वप्रथम I.S.O. प्रमाणपत्र प्राप्त करने वाली बाड़मेर जिले की ग्राम पंचायत कौन सी है?

(a) रोहिड़ी (b) रनसर
(c) बलेवा (d) गंगाला

RPSC School Lecturer-26-04-2017

Ans. (d) : राजस्थान में सर्वप्रथम I.S.O. प्रमाणपत्र प्राप्त करने वाली ग्राम पंचायत गंगाला बाड़मेर जिले में अवस्थित है।

215. सूची-I की मदों को सूची-II की मदों से मेल करिए एवं निम्न कूटों में से सही उत्तर छाँटिए –

सूची-I (मध्यम सिंचाई प्रोजेक्ट)	सूची-II (जिस जिले में स्थित है)
A. गागरीन	i. कोटा
B. पीपलाद	ii. बूँदी
C. गरडाडा	iii. झालावाड़
D. तकली	iv. बाराँ

कूट :

	A	B	C	D
(a)	i	ii	iii	iv
(b)	iv	iii	ii	i
(c)	iii	iv	ii	i
(d)	i	iv	ii	iii

उत्तर – (c)

RPSC RAS/RTS 2015

व्याख्या – सही सुमेलन इस प्रकार होगा –

सूची-I		सूची-II
(a) गागरीन	–	झालावाड़
(b) पीपलाद	–	बाराँ
(c) गरडाडा	–	बूँदी
(d) तकली	–	कोटा

216. वर्धा में राजस्थान सेवा संघ की स्थापना कब की गई?

(1) 1919 (2) 1920
(3) 1921 (4) 1922

उत्तर–(1)

RPSC RAS/RTS 2006-07

व्याख्या–राजस्थान सेवा संघ की स्थापना 1919 में कांग्रेसी नेता अर्जुनलाल सेठी, केसरीसिंह बारहट और विजय सिंह पथिक ने वर्धा में की थी जिसे गाँधी जी की सलाह पर 1920 में अजमेर में स्थानान्तरित किया गया।

217. राजस्थान जन आधार प्राधिकरण अध्यादेश लागू हुआ-

(a) 11 जनवरी, 2021 को (b) 18 दिसंबर, 2019 को
(c) 11 जनवरी, 2020 को (d) 18 दिसंबर, 2020 को

RPSC RAS (Pre) 2021

Ans. (b) : राजस्थान जन आधार प्राधिकरण अध्यादेश 18 दिसंबर 2019 को लागू हुआ। 28 फरवरी 2020 को राजस्थान जन आधार प्राधिकरण अध्यादेश को राजस्थान जन-आधार प्राधिकरण अधिनियम, 2020 बना दिया गया। इसका विस्तार पूरे राजस्थान राज्य में होगा।

218. निम्नलिखित में से नागरिक अधिकार पत्र के मूल तत्व में कौन सम्मिलित नहीं है?

(a) विभाग अथवा अभिकरण द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं का विवरण
(b) सेवाओं का लाभ उठाने के लिए विभिन्न विधियों को प्रचारित करना
(c) किसी लोक अभिलेख की अपेक्षा
(d) अभिकरण के कार्य के निरीक्षण का प्रावधान

RPSC RAS (Pre) 2021

Ans. (d) : नागरिक अधिकार पत्र एक ऐसा दस्तावेज है जो किसी संगठन द्वारा अपने नागरिकों/ग्राहकों तक सेवाओं, सूचनाओं, शिकायत के निवारण आदि की व्यवस्थित पहुँच प्रदान करने का प्रयास करता है। नागरिक अधिकार पत्र में 6 मूल तत्व सम्मिलित हैं, जो निम्न हैं-